सेंट एंड्र्यूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा:-पाँचवीं	विषय: हिंदी	पाठ:३ सबसे सुंदर लड़की

नोट :-प्रस्तुत पाठ में से कोई १० कठिन शब्द अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

प्र०/उ०

प्र०१-कलाकार क्या करता था?

उ०१-कलाकार दिन भर समुद्र से रंग-बिरंगी कौड़ियाँ नाना प्रकार के सुंदर-सुंदर शंख ,विचित्र पत्थर इकट्ठे करता था। उनसे वह तरह-तरह के खिलौने तथा मालाएँ तैयार करता और पास के बड़े नगर में बेच आता था।

प्र०२-मंजरी का हाथ पकड़ कर हर्ष कहाँ और क्यों ले गया?

उ०-मंजरी का हाथ पकड़ कर हर्ष उसे समुद्र किनारे ले गया। वे दोनों समुद्र की लहरों पर खेलना चाहते थे।

प्र०३-सुंदर - सा खिलौना देखकर हर्ष ने अपने पिता से क्या पूछा?

उ०३-सुंदर सा खिलौना देखकर हर्ष ने अपने पिता से पूछा, “बाबा यह किसके लिए बनाया है”।

प्र०४-मंजरी लहरों के बीच कैसे फँस गई ?

उ०४-हर्ष और मंजरी बातें करते समुद्र में दूर तक चले गए । एक चट्टान पर बैठी कनक हर्ष को बुलाने लगी ।हर्ष के यह कहने पर कि मंजरी वहाँ नहीं आ सकती ,मंजरी को कनक से ईर्ष्या हुई ।वह सुंदर शंख लेने आगे जाने लगी तभी लहरों ने उसे बड़ी चट्टान की ओर गिरा दिया। इस प्रकार वह लहरों के बीच फँस गई।

रिक्त स्थान

१-कलाकार के एक रिश्तेदार का मित्र कुछ दिनों के लिए वहाँ छुट्टियाँ मनाने आया।

२-कनक की माँ मछलियाँ पकड़कर किसी तरह बच्चों को पालती थी।

३-उसके मुँह में खारा पानी भर गया।

४-अपने जन्मदिन के अवसर पर मंजरी बिल्कुल ठीक थी।

५-दूर समुद्र में लहरें चिल्ला चिल्ला कर उन्हें बधाई दे रही थीं।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

वाक्य प्रयोग

१-विचित्र

२-गर्व

३-भेंट

४-ईर्ष्या

५-प्रशंसा